दैनिक जागरण 17/11/2023

विद्यार्थियों को किया मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के लीगल लिटरेसी क्लब ने प्रिंसिपल डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य दिवस को मनाया। इस प्रोग्राम के मुख्य वक्ता नीलिमा पीएलवी रहीं।

इस प्रोग्राम का विषय सेक्सुअल एक्सप्लोइटेशन और रेमेडीज अगेंस्ट ईट था। इस प्रोग्राम का आयोजन बीकाम के विद्यार्थियों में इस विषय के लिए जागरूकता पैदा करना था। डा .रोहित दत्त ने कहा कि यौन उत्पीड़न वर्तमान समय समाज की एक गंभीर समस्या बन

जीएमएन कालेज में मनाया मानसिक स्वास्थ्य दिवस

जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 70 बच्चे रहे उपस्थित

गई है और ऐसे मामलों में लोगों में जागरूकता और उन्हें उजागर करना जरूरी है। इस इस प्रोग्राम में लगभग 70 बच्चे उपस्थित रहे। डा. सुरेंद्र कुमार एचओडी (एसएफ) ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। प्रोफेसर रमनीत कौर, प्रोफेसर जस्मिता प्रोफेसर उदिता भी इस प्रोग्राम में मौजूद रहीं।

जीएमएन कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति